OGO
ORANGE GLOBAL OLYMPIAD

**School Level Examination**
**SLE 2024**

**SET:** I

# GRADE 6

# हिंदी

**Subject Code:** 6 0 1

**Total Questions:** 40 **Total Marks:** 40 **Time:** 1 hour

**प्रश्न-पत्र को तब तक न खोलें जब तक कि ऐसा करने के लिए कहा न जाए।**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- **उत्तर-पत्रक** पर दिए गए निर्देशों को पढ़ें और अपना **नाम**, **कक्षा और अन्य सूचना** भरें।
- **उत्तर-पत्रक** में सभी उत्तर दिखाने के लिए गोलाकार खानों को केवल **काले/नीले बॉल पेन** से भरें।
- **उत्तर-पत्रक** में सभी उत्तर प्रश्न संख्या के सामने दिए गए संबंधित गोलाकार खानों में **अंकित** करें।
- इस प्रश्न-पत्र में कुल **40 बहुविकल्पी प्रश्न** हैं। **प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है।** दी गई सूचनाओं के आधार पर **सबसे सही** उत्तर विकल्पों में से चुनें।
- प्रश्न-पत्र में **नकारात्मक अंक गणना नहीं** होगी।
- परीक्षा-कक्ष छोड़ने से पहले परीक्षार्थी **उत्तर-पत्रक** निरीक्षक को सौंप दें।
- मोबाइल फ़ोन, कैलकुलेटर आदि का प्रयोग पूर्णतः **निषेध** है। प्रश्न-पत्र में उपलब्ध खाली स्थानों पर रफ़ कार्य किया जा सकता है।

**निर्देश :** इस प्रश्न पत्र में कुल 40 प्रश्न हैं, जिन्हें दो खंडों (क) तथा (ख) में विभाजित किया गया है। सभी प्रश्न 1 अंक के हैं।

## खंड (क) : कौशल एवं दक्षता आधारित प्रश्न

### I. एकल चयन बहुविकल्पीय प्रश्न

**निर्देश :** इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।

**1. भारतीय संविधान में कितनी भारतीय भाषाओं को मान्यता प्राप्त है?**

(A) बीस (B) इक्कीस
(C) बाईस (D) तेईस

**2. 'मराठी' भाषा की लिपि का नाम चुनिए।**

(A) रोमन (B) ब्राह्मी
(C) देवनागरी (D) गुरुमुखी

**3. निम्नलिखित में से कौन-सा स्वर आगत स्वर है?**

(A) ओ (B) ऑ
(C) औ (D) ए

**4. 'आ + र् + अ + म् + भ् + अ' वर्णों के संयोजन से बनने वाला उपयुक्त शब्द है–**

(A) आरमभ (B) आरंभ
(C) आरभ (D) आरंभअ

**5. 'मतानुसार' शब्द का सही संधि-विच्छेद होगा–**

(A) मत + अनुसार (B) मता + नुसार
(C) मता + अनुसार (D) मतानु + सार

**6. स्वर संधि के कितने भेद होते हैं?**

(A) 3 (B) 4
(C) 5 (D) 6

**7. 'तलवार' शब्द का उपयुक्त पर्याय है–**

(A) असि (B) चाकू
(C) वार (D) अस्त्र

**8. 'अनुकूल' शब्द का उचित विलोम शब्द है–**

(A) मनोनुकूल (B) प्रतिकूल

(C) व्याकुल (D) समूल

**9. 'जो ईश्वर में विश्वास रखता हो' वाक्यांश के लिए उचित शब्द होगा–**

(A) भक्त (B) संत

(C) पुजारी (D) आस्तिक

**10. 'तुम्हें कुछ .......................... तक ..........................–दुखियों की सेवा करनी चाहिए।' वाक्य के रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए उपयुक्त विकल्प चुनिए।**

(A) दिन, दीन (B) दीन, दिन

(C) दिन, दिन (D) दीन, दीन

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 11 तथा 12 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई को घुड़सवारी के साथ-साथ घोड़ों की भी अच्छी परख थी। एक बार घोड़ों का एक व्यापारी रानी के दरबार में आया। उसके पास एक जैसे दिखने वाले दो घोड़े थे। उसे विश्वास था कि रानी दोनों घोड़ों का एक दाम लगाएँगी। मगर रानी ने कुछ देर घोड़ों को देखने के पश्चात एक घोड़े का दाम एक हज़ार रुपये और दूसरे घोड़े का दाम मात्र पचास रुपये लगाया। व्यापारी ने आश्चर्यचकित होकर रानी से पूछा, "रानी जी, दोनों घोड़ों की शक्ल, रंग, कद-काठी में कोई फ़र्क नहीं है, फिर भी आपने दाम में इतना फ़र्क क्यों कर दिया?" रानी ने कहा, "जिस घोड़े का दाम मैंने एक हज़ार रुपये लगाया है, वह उत्तम कोटि का स्वस्थ घोड़ा है और जिस घोड़े का दाम मैंने पचास रुपये लगाया है, वह किसी रोग का शिकार है और उसकी उम्र भी कम है।" रानी की सूझ-बूझ और बुद्धिमानी को देखकर व्यापारी बहुत प्रभावित हुआ।

**11. रानी ने क्या बुद्धिमानी दिखाई?**

(A) घोड़ों में अंतर पहचान गई। (B) उन्होंने घोड़े नहीं खरीदे।

(C) (A) और (B) दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

**12. रानी ने एक समान दिखने वाले घोड़ों का मूल्य अलग-अलग लगाया क्योंकि–**

(A) एक ही घोड़े की आवश्यकता थी। (B) घोड़ों की पहचान नहीं हुई।

(C) एक घोड़ा अस्वस्थ था। (D) इनमें सभी

**13. 'अनुवाद' शब्द में लगे उपसर्ग को चुनिए।**

(A) अनुव (B) अन

(C) अ (D) अनु

**14. 'भारतीय' शब्द में उपस्थित प्रत्यय को चुनिए।**

(A) ईय (B) इय

(C) तीय (D) भार

**15. 'मम' शब्द से बना भाववाचक संज्ञा शब्द है–**

(A) माता (B) ममता
(C) मैया (D) जननी

**16. 'कथा' शब्द का बहुवचन रूप है–**

(A) कथ्य (B) कथियाँ
(C) कथाएँ (D) कथाओं

**17. किस वाक्य में संप्रदान कारक का प्रयोग किया गया है?**

(A) मेरी साइकिल लाल रंग की है। (B) विपिन गृहकार्य कर रहा है।
(C) यह आदित्य का घर है। (D) दीदी भिखारी के लिए भोजन लाई हैं।

**18. '.................... परिश्रम करता है, .................... अवश्य सफल होता है।' वाक्य के रिक्त स्थानों के लिए सर्वनाम शब्द चुनिए।**

(A) वह–यह (B) मैं–वह
(C) जो–तुम (D) जो–वह

**19. किस वाक्य का रेखांकित पद सर्वनाम नहीं है?**

(A) <u>हमें</u> प्रत्येक कार्य सावधानीपूर्वक करना चाहिए। (B) <u>मुझसे</u> आज एक गलती हो गई।
(C) <u>तुम्हें</u> तो बस घूमने की ही पड़ी रहती है। (D) <u>तुम्हारी</u> माता जी को मुझ पर पूरा भरोसा है।

**20. 'यह चित्र <u>सुंदर</u> है।' वाक्य का रेखांकित पद है–**

(A) गुणवाचक विशेषण (B) संख्यावाचक विशेषण
(C) परिमाणवाचक विशेषण (D) सार्वनामिक विशेषण

**21. 'मुझे चाय में .................... चीनी पसंद है।' वाक्य के रिक्त स्थान हेतु उपयुक्त विशेषण होगा–**

(A) कम (B) अच्छी
(C) दस (D) कुछ

**22. निम्नलिखित वाक्यों में से एककर्मक क्रिया वाले वाक्य का चयन कीजिए।**

(A) माँ ने भूखे को खाना खिलाया। (B) पिता जी ने मुझे मिठाई दी।
(C) रमा ने बेटे के लिए दाल पकाई। (D) पेड़ पर चिड़िया बैठी है।

**23. 'अध्यापिका जी हिंदी पढ़ा रही हैं।' वाक्य में प्रयुक्त काल का भेद चुनिए।**

(A) वर्तमान काल (B) भूत काल
(C) भविष्यत काल (D) तीनों विकल्प गलत

**24. 'पानी .................... बरस रहा है।' वाक्य के रिक्त स्थान के लिए क्रियाविशेषण शब्द चुनिए।**

(A) लगातार (B) या
(C) के सामने (D) कभी

**25. कौन-सा वाक्य शुद्ध है?**

(A) मैं आपकी किताब नहीं ली। (B) अनेकों लोग बाहर बैठे थे।
(C) रोगी को दवाई लाओ। (D) मुझे घर जल्दी जाना है।

**26. 'मुझे केवल मात्र सौ रुपये चाहिए।' वाक्य का शुद्ध रूप है–**

(A) मुझे मात्र केवल सौ रुपये चाहिए। (B) मुझे केवल सौ रुपया चाहिए।
(C) मुझे मात्र सौ रुपये चाहिए। (D) मुझे केवल और केवल सौ रुपया चाहिए।

**27. 'कलेजा ठंडा होना' मुहावरे का सही अर्थ है–**

(A) कलेजे में चोट लगना (B) कलेजे पर बर्फ़ लगाना
(C) नासमझी की बातें करना (D) शांति मिलना

**28. 'धनी ठेकेदार ने मज़दूरों की झोंपड़ियाँ तुड़वाकर उनकी ज़मीन को अपने अधिकार में ले लिया। इसे कहते हैं– .................................................................................।' रिक्त स्थान के लिए उचित लोकोक्ति चुनिए।**

(A) जिसकी लाठी उसकी भैंस (B) एक तो करेला दूजा नीम चढ़ा
(C) जैसी करनी वैसी भरना (D) इधर कुआँ तो उधर खाई

**29. हंसपद [ ‸ ] विराम-चिह्न का दूसरा नाम क्या है?**

(A) संक्षेपसूचक चिह्न (B) त्रुटिपूरक चिह्न
(C) निर्देशक चिह्न (D) विवरण चिह्न

**30. इनमें से जलीय जीव है–**

(A) 
सील

(B) 
रैकून

(C) 
पांडा

(D) 
शुतुरमुर्ग

## II. बहुचयन बहुविकल्पीय प्रश्न

**निर्देश : इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल दो विकल्प सही हैं। विद्यार्थी को दो सही विकल्पों का चयन करना है।**

**31. निम्नलिखित में से तद्भव शब्दों को चुनिए।**

(A) कदली (B) मॉल
(C) आग (D) सपना

**32. कौन-से दो शब्द विदेशी हैं?**

(A) बैंक (B) सास
(C) मास (D) स्कूल

**33. निम्नलिखित में से द्वंद्व समास के उदाहरण चुनिए।**

(A) प्रत्येक (B) गुणहीन
(C) माता–पिता (D) आज–कल

**34. निम्नलिखित में कौन-से दो शब्द ऐसे हैं, जिनके स्त्रीलिंग रूप बन सकते हैं?**

(A) बाजा (B) घोड़ा
(C) कान (D) नौकर

**35. कौन-से दो लोकनृत्य गुजरात के हैं?**

(A) गरबा (B) डांडिया रास
(C) बिहू (D) घूमर

## खंड ( ख ) : उच्चस्तरीय चिंतन कौशल आधारित प्रश्न

**निर्देश : इस खंड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

**36. शृंखला को पूरा करने के लिए सोच-समझकर विकल्प चुनिए–**

जिह्वा – चर्म – जंघा – दंत – अक्षि – ......................

(A) हस्ती (B) दिवस
(C) कर्ण (D) क्षीर

**37. कौन-सा सर्वनाम शब्द-समूह असंगत है?**

(A) मैं, तुम, वह, आप (B) कब, उसका, मेरा, कार्य
(C) कौन, कहाँ, क्यों, क्या (D) जो, सो, जैसा, वैसा

**38. कौन-सा गुण लिखित भाषा का नहीं है?**

(A) लिखित भाषा, भाषा का स्थायी रूप है।

(B) लिखित भाषा में स्वत: परिवर्तन नहीं होते।

(C) लिखित भाषा की मूल इकाई है 'वर्ण'।

(D) लिखित भाषा को बच्चा अपने परिवेश से सीख लेता है।

**39. शृंखला को पूरा करने के लिए सोच-समझकर विकल्प चुनिए।**

अपना उल्लू सीधा करना – अक्ल के घोड़े दौड़ाना – कान पर जूँ तक न रेंगना – ..........................................................?

(A) काला अक्षर भैंस बराबर

(B) कमर कसना

(C) कलई खुलना

(D) कलेजा मुँह को आना

**40. किस वाक्य में 'लड़ना' क्रिया का प्रयोग सकर्मक क्रिया के रूप में हुआ है?**

(A) आपस में मत लड़ो।

(B) वे दोनों हमेशा लड़ते रहते हैं।

(C) सम्राट अशोक ने बहुत लड़ाइयाँ लड़ीं।

(D) हम लड़ेंगे और युद्ध जीतेंगे।